C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 255 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:33 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:56 बजे



संघर्ष और गरीबी में बीता रश्मिका...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गढ़वाल की तीन सीटों पर प्रचार गरमाने आएंगे मोदी

देहरादून। प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। उत्तराखंड गढ़वाल क्षेत्र की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार गरमाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। 12 अप्रैल को ऋषिकेश में उनकी चुनावी रैली हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 अप्रैल को श्रीनगर, किच्छा और रुड़की में चुनावी रैली करेंगे।प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। पीएम मोदी ने ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बीते दिनों चुनावी रैली की।

### बीडी पांडे जिला अस्पताल के अव्यस्थाओं पर चर्चा

नैनीताल। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था की बैठक गुरुवार को संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय के अव्यस्थाओं पर चर्चा हुई। बैठक में बीएम साह ओपन थिएटर में टॉयलेट निर्माण में हो रही देरी तथा ई- रिक्शा का मॉल रोड में किराया 10 रुपया से बढ़ाकर 20 रुपया किए जाने का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी तय हुआ कि श्रीराम नवमी के विशेष मौके पर 17 अप्रैल (बुधवार) को संस्था प्रसाद वितरण करेगी तथा संस्था अप्रैल माह में ही विभिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिताएं भी करायेगी। बैठक में इलाहाबाद बैंक से नैनीताल क्लब चौराहा तक वन वे का सख्ती से पालन करने के लिए संस्था डीआईजी से भी मिलेगी। बैठक में संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, महासचिव अशोक साह, कोषाध्यक्ष महेश चंद्र आर्य समेत वकीलुद्दीन, भुवन कुमार, अमित रस्तोगी, रीता बिष्ट, दिव्या साह, सिद्धार्थ बिष्ट आदि उपस्थित रहे ।

# आज पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश के चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। छह अप्रैल के बाद प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, टिहरी और अल्मोड़ा जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि प्रदेश के चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना जताई है। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। छह अप्रैल के बाद प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा।



मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में मैदानों के साथ पर्वतीय इलाकों में भी तेज धूप खिलने से गर्मी सताएगी।

### अप्रैल की शुरुआत में ही भीषण गर्मी का एहसास

देश भर के कई राज्यों में अप्रैल महीने में ही लोगों को भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है। आईएमडी द्वारा कई राज्यों में लू चलने की भी बात कही गई है। जिनमें महाराष्ट्र राजस्थान गुजरात कर्नाटक ओडिशा और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। वहीं मौसम विभाग ने मिजोरम में ओलावृष्टि होने की बात कही है। असम मेघालय नगालैंड मणिपुर और मिजोरम में आंधी और तूफान चलने की संभावना है। यूपी में पछुआ हवा तेजी से बह रही है। इससे लोगों को तेज धूप और हवा दोनों से परेशानी हो रही है। वहीं, बुधवार यूपी में सुबह से धूप निकली रही। दिन चढ़ने के साथ तापमान भी बढ़ता चला गया। मंगलवार की अपेक्षा अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। प्रदेश में प्रयागराज 40.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सबसे अधिक गर्म रहा। प्रदेश में वाराणसी दूसरा गर्म शहर रहा। वहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। प्रदेश में आगरा तीसरा गर्म शहर रहा।

पार्टी प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

# हरिद्वार में नड्डा का रोड शो संतों का लिया आशीर्वाद

देहरादून/हरिद्वार
हमारे संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चुनाव प्रचार गरमाने उत्तराखंड पहुंचे हैं। पिथौरागढ़ और विकासनगर में जनसभा के बाद आज वह हरिद्वार में रोड शो करने पहुंचे।

उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज हरिद्वार में रोड शो करने पहुंचे। यहां वह पार्टी प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। इसके अलावा उनके कई कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर विधायक मदन कौशिक, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल समेत मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता तैयारी में जुटे रहे। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सबसे पहले माया देवी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और संतों से आशीर्वाद लिया। संतों के साथ बैठक भी की।



इसके पश्चात आर्य नगर चौक पहुंचें। जहां से रोड शो शुरू हुआ।

रोड शो चंद्राचार्य चौक, पुराना रानीपुर मोड़ होते हुए ऋषिकुल मैदान पहुंचकर संपन्न होगा। ऋषिकुल मैदान में बूथ के कार्यकर्ताओं को त्रिशक्ति सम्मेलन में संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन और उनके कार्यक्रम की सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है।

# सीएम धामी ने थत्यूड़ में की रैली लोस प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के लिए मांगा समर्थन

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। आज सीएम धामी टिहरी लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में रैली की।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। आज सीएम धामी टिहरी लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में रैली की। वहीं उत्तराखंड गढ़वाल क्षेत्र की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार गरमाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। 12 अप्रैल को ऋषिकेश में उनकी चुनावी रैली हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 अप्रैल को श्रीनगर, किच्छा और रुड़की में चुनावी रैली करेंगे। प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। पीएम मोदी ने ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बीते दिनों चुनावी रैली की। प्रधानमंत्री मोदी गढ़वाल की तीन लोकसभा सीट पौड़ी, टिहरी व हरिद्वार में प्रचार गरमाने के लिए 12 अप्रैल को ऋषिकेश में चुनावी रैली कर सकते हैं। जबकि 11 अप्रैल को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ श्रीनगर, किच्छा व रुड़की में चुनाव प्रचार करेंगे।



# कांग्रेस के पास न नीति, न नीयत, न चेहरा: अजय भट्ट

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का चुनाव प्रचार काशीपुर क्षेत्र में हुआ। इस बीच भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने विपक्ष को चुनावी मैदान में मात देने के लिए कांग्रेस को बेनकाब करना शुरू कर दिया है। उन्होंने खुद जनता से ही पूछ रहे हैं कि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री का चेहरा कौन है? कांग्रेस की नीतियां क्या हैं? कांग्रेस की नीयत क्या है? भाजपा प्रत्याशी बता रहे हैं कि बिना कप्तान की टीम कभी जीत हासिल नहींकरती है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा पूरा किया। सीएए लागू करने का वादा किया था वो कर दिया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेसी बात-



बात पर लोकतंत्र को खतरे में बताते हैं। जबकि लोकतंत्र पर खतरा तो 1975 में था जब इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा लोकसभा संयोजक खिलेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह,मेयर उषा चौधरी, राम मल्होत्र, बृजेश पाल विनीत चौधरी, गुरबख्श बग्गा आदि मौजूद रहे।

# रोजदारों ने नमाज़ अदा कर मुल्क के शांति व अमन की दुवा मांगी



हल्द्वानी/नैनीताल
हमारे संवाददाता

रमजान मुस्लिम समुदाय के लिए सबसे अफजल (पवित्र) महीना है। मुसलामन पूरे एक महीने के रोजे रखते है, और अल्लाह से अपनी मगफिरत के लिए दुआ करते है। रमजान का पाक महीना बरकतों और रहमत वाला है।

इस माह में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। इसलिए रमजान मुस्लिम समुदाय के लिए सबसे अहम होते है। वहीं इस महीने में जुमे का भी महत्व है, रमजान में आने वाला आखिरी जुमा अलविदा कहलाता है। इस जुम्मे में मुस्लिम समुदाय के लोग नए-नए कपड़े पहन कर मस्जिदों में दाखिल होकर नमाज़ अदा करते हैं।

मुफ्ती मोहम्मद जाबिर खान के मुताबिक, रमजान के महीने में सवाब (पुण्य) सत्तर गुना बढ़ जाता है। अलविदा जुमे को लेकर मुफ्ती जाबिर ने बताया कि इस्लाम में आखिरी जुमे को लेकर अलग से कोई फजीलत नहीं है। जैसे रमजान के बाकी जुमे होते हैं वैसे ही ये जुमा भी होता है। माहे रमजान के अलविदा जुम्मे को सब जेल हल्द्वानी के परिसर में सजा काट रहे बंदियों ने भी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की। जेल अधीक्षक प्रमोदपांडे ने जेल के अंदर बंद कैदी यो का संपूर्ण रूप से ख्यालरखा जा रहा है रोज और सेहरी अच्छे-अच्छे पकवान रोजेदारों को दिए जा रहे हैं।

### रमजान में हर एक मुसलमान को रोजा रखना जरूरी : मो.मुफ्ती

नैनीताल में रमजाने के पाक महीने के अंतिम शुक्रवार को मल्लीताल व तल्लीताल की मस्जिद में रोजेदारों ने जुम्मे की नमाज अदा करी। जिसमें सैकड़ों रोजदारों ने नमाज़ अदा कर मुल्क के शांति व अमन के लिए दुवा की। रमजान का पहला रोजा 12 मार्च को शुरू हुआ था। रमजान के आखिरी जुम्मे के विदाई होने पर जितनी ईद की खुशी होती है उतना ही रमजान जाने का दुख होता है।

मल्लीताल मस्जिद के साही इमाम मो.मुफ्ती अजमल कश्मी ने बताया कि साल के एक महा के रमजान में हर एक मुसलमान को रोजा रखना जरुरी है। इस मौके पर तल्लीताल मस्जिद के इमाम मौलाना मोईन साहब ने अलविदा की नमाज कराई। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर शुहेल समसी, जनरल सकरेती मो. हामिद, हारून खान पम्मी, सोहेल सिद्धकी, युसूफ खान, अफ़ज़ल हुसैन फ़ौजी, वसी कुरेशी, मो. तैयब, नईम अहमद, मो. इमरान, जावेद हुसैन, इल्याज अहमद, अजमल हुसैन, मो. अरिश आदियों ने नमाज अदा की।

# रेशमबाड़ी में मीट की दुकान पर छापा, हड़कंप

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा की टीम ने रेशमबाड़ी में मीट की दुकानों पर छापेमारी की। पुलिस की कार्रवाई चलते क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम में शामिल पुलिस ने एक दुकान से प्रतिबंधित मांस समेत एक को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर को गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा टीम तीन पानी के पास पहुंची तो मुखबिर ने सूचना दी रेशमबाड़ी में अलीम,नसीम अपनी मीट की दुकान में गाय का मांस बेचने का कार्य कर रहे हैं। जल्दी करो तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर कांस्टेबल संजय कुमार ने अपने मोबाइल से चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी को सूचना से अवगत कराया।

सूचना पर चौकी प्रभारी कांस्टेबल महेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह के साथ तीन पानी तिराहे पहुंचे।




वहां से टीम रेशमबाड़ी में अलीम नामक व्यक्ति की मीट की दुकान पर छापा मारा।

टीम प्रभारी प्रवीण सिंह के मुताबिक मौके पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया और दूसरा व्यक्ति दुकान के अंदर बनी खिड़की से दूसरे कमरे के रास्ते से भाग गया। भागने वाला व्यक्ति नसीम पुत्र अहमद हुसैन निवासी खेड़ा है और पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अलीम पुत्र अहमद हुसैन निवासी रेशमबाड़ी रुद्रपुर बताया। पुलिस ने मौके पर लगभग 78 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस तथा एक चाकू ,एक कुल्हाड़ी, एक सूजा, एक लकड़ी का गुटका, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया। उन्होंने बताया कि 5980 रुपए बरामद भी बरामद हुए। हेड कांस्टेबल दीवान नाथ ने इसकी सूचना मोबाइल से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ हिमांशु पाठक को दी और मौके पर बुलाया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई होने के बाद आरोपी तथा माल व नमूना माल लेकर कोतवाली रुद्रपुर पहुंचे। दोनों के खिलाफ धारा 3/5/11(1) गोवंश संरक्षण अधिनियम 2007 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया।

गोवंश टीम में प्रभारी प्रवीण सिंह,हेड कांस्टेबल कुंदन खन्ना,हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार,दीवान नाथ, संजय कुमार,राजकुमार के अलावा रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**हड़कंप**
- गोवंश संरक्षण स्क्वाड टीम ने की कार्रवाई
- 78 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार, मुकदमा दर्ज

## पटवाडांगर क्षेत्र में 10 घंटे गुल रही बिजली पानी को भी तरसे लोग

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर क्षेत्र में गुरुवार को लगभग 10 घंटे बिजली गुल रही। बिजली गुल होने से क्षेत्र में लोग पानी के बिना भी परेशान रहे। लोगों की शिकायत के बाद उर्जा निगम की ओर से शाम को पांच बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

बता दें कि गुरुवार की सुबह मौसम खराब होने से पटवाडांगरए बल्दियाखान व देवीधूरा क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। कुछ देर बाद बिजली आने के बाद फिर एक बार बिजली गुल हो गई और शाम तक बिजली की आपूर्ती ठप रही। जिसके चलते लोगों के कई काम प्रभावित रहे। वहीं पूरे दिन बिजली न होने से रूसी में पंप नहीं चल पाया और देवीधूरा गांव में पानी नहीं पहुंचा।

गांव में पानी नहीं पहुंचने से लोग परेशान रहे। उर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि मेहरागांव पाइंस के बीच मुख्य लाइन में फॉल्ट आ गया था। जिसको सही कर शाम को विद्युत आपूर्ति कर दी गई है।



## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सूर्यागांव में लगा 165 रोगियों की जांच

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सूर्यगावं भुजियाघाट मे काया आयुर्वेद हॉस्पिटल का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगा, 165 रोगियों ने लाभ लिया. प्रारम्भ सूर्यगांव के प्रधान एवं समाज सेवी सूर्या जी, प्राचार्य प्रो. डॉ विनय खुल्लर ने किया.

शिविर मे प्रो. डॉ विनय खुल्लर,प्रो डॉ सूजॉय, डॉ स्वाति भट्ट, डॉ नेहा उपाध्याय, डॉ अर्चि, डॉ हरोशंकर, डॉ अंजली ने रोगियों को परामर्श दिया. शिविर मे 30त्न जोड़ो के दर्द, 25त्न शुगर एवं ब्लड प्रेशर, 20त्न पेट के रोगी, 15त्न स्त्री रोग, शेष पंचकर्मा के रोगी थे। कॉलेज के एम डी अशोक पाल ने कहाँ हर माह इसी तरह के 2 नि:शुल्क शिविर सुदूर गांव क्षेत्रों मे लगाया जायेगा। शिविर मे दिनेश सनवाल, हिताक्षी, हेमा, अमित, चंद्र, पंकज ने सहयोग किया।

## नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की

**नैनीताल/धारी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल विधान सभा के तहत धारी कांग्रेस कार्यालय में सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, पीएससी सतीश नैनवाल, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, पीसीसी सदस्य गोपाल बिष्ट, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दीपक चुनौतियां, पीसीसी एवं महिला जिलाअध्यक्ष खष्टी बिष्ट, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र बिष्ट तथा महिला ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी नयाल व दीपा बिष्ट समेत तमाम क्षेत्र पंचायत ग्राम प्रधान सहित सैकड़ो लोगों ने धारी पदमपुरी ओखलकांडा में नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान कांग्रेस की न्याय गारंटी को बताते हुए किसान न्याय गारंटी, महिला न्याय गारंटी तथा श्रमिक न्याय गारंटी व युवा न्याय गारंटी जैसी योजनाओं का विस्तार से चर्चा की और प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताने की अपील की।



## NEWS / फटाफट

### लोनिवि ने शुरू किया सड़क पर गड्ढे व दरार भरने का काम

**नैनीताल।** शहर की माल रोड में हुए गड्ढे और दरार को भरने को लोनिवि ने काम शुरू कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया बिते दिनो माल रोड के कलमठ की क्षतिग्रस्त होने से सडक़ में गड्ढा हुआ था। क्षतिग्रस्त सडक वाले क्षेत्र के शासन के स्थाई उपचार के लिए करीब तीन करोड़ पचास लाख का बजट अवमुक्त कर दिया है। पूर्व में सडक़ के कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें किसी ठेकेदार ने प्रतिभाग नहीं किया। अब आचार संहिता हटने के बाद पुनरू निविदा आमंत्रित की जाएगी।

### भाजपा के पक्ष में किया जनसंपर्क



**हल्द्वानी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कालाढूंगी विधानसभा के जज फार्म शक्ति केंद्र के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के जनहित में किये गये कार्यों की जानकारी दी और पत्रक बांटकर प्रचार किया। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक नारायण सिंह किरौला, मंडल मुखानी कार्यकारिणी सदस्य विशंभर कांडपाल, पीसी जोशी, हेम अवस्थी, कुलदीप पांडे, हेम गंगोला, गोविंद बल्लभ जोशी, उमेश बिनवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, सोना तिवारी, ममता अवस्थी, भावना तिवारी, शांति नौटियाल, हिमानी बिनवाल आदि मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

## विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी स्थित पार्वती प्रेमा जगाती विद्यालय सरस्वती विहार में कक्षा षष्ठ के नवीन छात्रों के विद्यालय में प्रथम प्रवेश के शुभ अवसर पर विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगतराम लोस्टा (संभाग निरीक्षक-नैनीताल संभाग) थे इस मौके पर विशिष्ट अतिथि कामेश्वर प्रसाद काला जी व डॉ विनिता प्रकाश (पूर्व प्राचार्य) थी इस अवसर पर विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सूर्य प्रकाश जी ने कहा- वास्तव में पार्वती प्रेमा जगाती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार नैनीताल एक ऐसा गुरूकुल है जिसमें अत्याधुनिक शैक्षित तकनीक युक्त पुरातन संस्कारित शिक्षा का सुन्दर समावेश है। जिस प्रकार से प्राचीन काल के गुरूकुलों में विद्यारम्भ संस्कार होता था। ठीक उसी प्रकार



आज हमारे अत्याधुनिक गुरूकुल में भी विद्यारम्भ संस्कार है मुझे पूर्व विश्वास है कि आज जिन बालकों का विद्यारम्भ संस्कार हो रहा है वे आगे चलकर समस्त विश्व की दशा और दिशा तय करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ मंगतराम लोस्टा कहा कि संस्कृति शिक्षा वास्तव में जीवन का आधार है संस्कृति शिक्षा के बिना जीवन का आधार है असंस्कृति हो जाता है संस्कृति शिक्षा वास्तव में जीवन का आधार है संस्कृति शिक्षा के बिना जीवन असंस्कृति हो जाता है साथ ही आपने सभी छात्रो के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के संरक्षक श्री कामेश्वर प्रसाद काला जी ने सभी बालको को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम मे सबसे पहले सभी छात्रों को तिलक लगाकर उन्हे अर्धव वस्त्र (परका) पहनाया गया। इसके बाद यज्ञ स्थल पर माता -पिता के साथ सभी बच्चों से यज्ञवेदी में पॉच-पॉच आहुतियॉ दिलायी गयी। इस मौके पर विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम में रजत कुमार सिंह, अतुल पाठक, केतन बोरा, अपूर्व, अक्षय, निर्दोष, पवन कुमार जोशी, उमेश शर्मा, साथ विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलत सभी 60 बच्चे और उनके माता- पिता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन का कार्य 12 के छात्र भईया रक्षित कनार्टक ने किया।

## गौलापार स्टेडियम में मतदाता जागरूकता को मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

स्वीप नैनीताल के समन्वय से जिला खेल कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आज शुक्रवार को फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी बाजपेयी ने खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई एवं लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एच एन फुटबॉल क्लब वर्सेस यूथ फुटबॉल क्लब के मध्य मैच मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें यूथ क्लब हल्द्वानी 4--3 से विजेता रही। अंत में मुख्य अतिथि बाजपेई व विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी वरुण बेलवाल , किशोर पाल, त्रिलोक सिंह जीना, गोविंद लटवाल, आनंद देव, गोपाल नेगी, निशांत मेहता ,किरन मौर्य, श्याम भट्ट, महेश फर्त्याल, महेश बिष्ट, बलवंत सिंह ,किशन बोरा, कैलाश जोशी, सुरेश आर्य आदि खेल प्रेमी मौजूद थे।



पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## सख्ती जरूरी

*एलोपैथी की दवा से मरीज की एक बीमारी का उपचार किया जाता है और दवा के साइड इफेक्ट से लोग कई अन्य गंभीर रोग से पीड़ित हो जाते हैं। एलोपैथी की नकली दवाओं का कारोबार भी बहुत है। अनेक बड़ी कंपनियों की दवाएं नकली बनाने वाली फैक्ट्रियां पकड़ी जाती हैं, लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने से धंधेबाज किसी दूसरी जगह नई फैक्ट्री खोलकर नकली दवा बनाना जारी रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने पर ही निर्णय होता है। सरकार के संज्ञान में सभी मामले हैं। सरकार के पास अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी नहीं है। डाक्टरों व दवा कंपनियों की निरंतर निगरानी और कोताही पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है।*

डाक्टर को धरती पर भगवान कहा जाता था, लेकिन डाक्टरों ने पैसा कमाने की हवस से समाज में सम्मान खो दिया। डाक्टरों के साथ ही दवा निर्माता कंपनियां भी बदनाम होती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक योगगुरु बाबा रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को निजी रूप से शीर्ष अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद को अवमानना का नोटिस जारी किया था, परन्तु बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने जवाब दाखिल नहीं किया। असल मामला यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन पर रोक लगाने के लिए कहा था। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने हलफनामा देकर अदालत का आदेश मानने की बात कही थी, लेकिन भ्रामक विज्ञापन बंद नहीं किये। गंभीर रुख अख्तियार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे अवमानना करार देते हुए नोटिस जारी किया। पतंजलि आयुर्वेद अकेली ऐसी कंपनी नहीं है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी करती है। देशभर में सैकड़ों डाक्टर और नीम-हकीम शर्तिया इलाज का दावा करके स्वास्थ्य के लिए घातक नशीली दवाएं महंगी कीमत पर लोगों को देकर अकूत धन कमा रहे हैं। मानक पर खरी नहीं उतरने वाली दवा का लम्बे समय तक इस्तेमाल करने से लोग गंभीर बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। शीर्ष अदालत ने डाक्टरों के विज्ञापन के लिए मानक निर्धारित कर दिये हैं। निजी अस्पताल मानक का उल्लंघन कर रहे हैं। योगगुरु बाबा रामदेव ने वर्षों तक देशभर में योग शिविरों का आयोजन करके असाध्य रोगियों को बिना दवा के स्वस्थ कर दिया। विदेश में भी योग शिविरों से लोग लाभान्वित हुए। अब तो विदेश और देश के गली-मोहल्लों में योग प्रशिक्षित शिविर का संचालन करके लोगों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। बाबा रामदेव आयुर्वेद के क्षेत्र में शोध तथा दवा निर्माण का कार्य करा रहे हैं। पतंजलि के खाद्य उत्पाद के सैंपल फेल हुए हैं। दवा का सैंपल फेल होने की जानकारी नहीं है। यह बात जरूर है कि उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापन दिये जा रहे हैं। शहद, देसी घी, तेल को लेकर सवाल उठते रहे हैं। एलोपैथी की दवा से मरीज की एक बीमारी का उपचार किया जाता है और दवा के साइड इफेक्ट से लोग कई अन्य गंभीर रोग से पीड़ित हो जाते हैं। एलोपैथी की नकली दवाओं का कारोबार भी बहुत है। अनेक बड़ी कंपनियों की दवाएं नकली बनाने वाली फैक्ट्रियां पकड़ी जाती हैं, लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने से धंधेबाज किसी दूसरी जगह नई फैक्ट्री खोलकर नकली दवा बनाना जारी रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने पर ही निर्णय होता है। सरकार के संज्ञान में सभी मामले हैं। सरकार के पास अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी नहीं है। डाक्टरों व दवा कंपनियों की निरंतर निगरानी और कोताही पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

# कुलपति प्रो.रावत के औचक निरीक्षण से हडकंप

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत गुरुवार को अचानक विवि के प्रशासनिक भवन से अचानक विवि के मुख्य परिसर डीएसबी में आ धमके। परिसर में कुलपति प्रो.रावत के औचक निरीक्षण से परिसर में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने कई घंटों तक परिसर की पठन पाठन से लेकर हर व्यवस्था का बारिकी से निरीक्षण किया।

बता दें विवि की प्रशासनिक गतिविधियों के साथ ही परिसर में पठन-पाठन का उचित माहौल बना रहे और गुरुजनों की ओर से दी जा रही शिक्षा का लाभ हर संभव छात्र-छात्राओं को मिल सके इसके लिए कुलपति प्रो.रावत अपने कार्यभार ग्रहण करने से लेकर ही प्रयासरत हैं। पूर्व में भी उन्होंने कई मर्तबा परिसर के गुरुजनों व छात्रों से मामले को लेकर संवाद भी किया है। दूसरी ओर गुरुवार को कुलपति प्रो.रावत ने परिसर में छात्रों की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु डीएसबी परिसर के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान कुलपति द्वारा कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया साथ ही विभागों की व्यवस्थाओं व सुविधाओं के सन्दर्भ में फीडबैक भी लिया गया।



कुलपति प्रो.रावत द्वारा वाणिज्य, भौतिकी, रसायन तथा गणित एवं लॉ विभाग में जाकर सबसे पहले गुरुजनों की उपस्थिति पंजिका एवं टाइम-टेबल का बारिकी से अवलोकन किया तत्पश्चात विभागों में चल रही कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए क्लास में शत प्रतिशत उपस्थिति एवं अध्ययन के प्रत्येक पहलू को समझने के लिए उनको प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो0 रावत द्वारा रसायन विभाग में चल रहे प्री.पीएचडी प्रेजेंटेशन का भी अवलोकन किया गया साथ ही शोध को उपयोगी तथा गुणवत्तापूर्ण तथा विश्व स्तरीय बनाने के लिए सुझाव एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो.रावत ने कहा कि छात्र अपनी समस्या उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजकर बता सकते हैं। यही नहीं अगर कक्षा में गुरुजन नहीं आते तो क्लास की फोटो भेजें। शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है तो वह सीधे ई-मेल अथवा व्हाट्सएप मैसेज भेजकर शिकायत कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो.रावत द्वारा कक्षा में देर से पहुँचने वाले गुरुजनों को भी सख्त चेतावनी देते हुए अपनी कार्य संस्कृति में सुधार लाने को कहा। कुलपति प्रो.रावत ने निरीक्षण के दौरान सभी गुरुजनों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कक्षा में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी हर संभव प्रयास करें। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो.रावत ने

छात्र उपस्थिति पंजिका का बारिकी से निरिक्षण किया तथा अनुपस्थित चल रहे छात्रों को ई-मेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करने के निर्देश संबंधित गुरुजनों को दिए। कुलपति के औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य कुलानुशासक प्रो0 हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत प्रो0 आर0सी0 जोशी, डॉ0 लज्जा भट्ट तथा डॉ0 विजय कुमार समेत अन्य गुरुजन व कर्मी उपस्थित रहे।

## दंपत्ति के शव परिजनों को सौंपे, टांडा जंगल में सड़क हादसे में हो गई थी दर्दनाक मौत



**हल्द्वानी।** टांडा जंगल में सड़क हादसे में मृत दंपत्ति के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए। गमगीन माहौल में दोनों को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। बता दें कि गुरुवार को खेड़ा रुद्रपुर निवासी जहूर अहमद कार से अपनी पत्नी राशिदा और बेटी निदा के साथ अपने भाई के घर नैनीताल जाने के लिए निकले थे।

जब वह बेलबाबा मंदिर और एस मोड़ के पास पहुंचे तभी कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई जबकि निदा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इधर पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए।

# भीमताल में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी का व्यापक जनसंपर्क अभियान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने आज भीमताल विधानसभा के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धारी, धानाचूली, सुंदरखाल, भटेलिया, नथुवाखान, तल्ला रामगढ़, मल्ला रामगढ़ सहित अनेकों क्षेत्रों में नुक्कड़ सभा और डोर टू डोर जनसंपर्क और बैठकों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम क्रियान्वित हुवा।

भीमताल की जनता से बदलाव का आह्वान करते हुवे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भीमताल विधानसभा के लघु किसानों को फसल का उचित मूल्य सहित जंगली जानवरों से आम जनमानस और फसल की सुरक्षा हेतु ठोस योजनाओं को तुरंत अमल में लाया जायेगा। दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा व्यवस्था हेतु छात्रावास की उचित व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जायेगा। प्रकाश जोशी ने कहा कि



ग्राम सभा लदफोड़ा मे बिना सहमति जमीनों की जो खरीद फरोख्त हो रही है कांग्रेस उसके खिलाफ है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इस बार लोकसभा मे परिवर्तन की बयार भीमताल विधानसभा से शुरू हो गयी है। बाबा नीमकरोली के आशीर्वाद से आम जनता की उम्मीदों की जीत होगी कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी की जीत होगी। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि भीमताल विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के दो दिवसीय प्रवास ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया है और आगामी चुनाव में भीमताल विधानसभा से जीत सुनिश्चित है।

इस दौरान पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, प्रभारी भीमताल राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सीमा आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवती पनेरू, हेमवती नंदन दुर्गापाल, डॉ0 केदार पडलिया, गोपाल सिंह बिष्ट, चैयरमेन भीमताल दीपू चुनोतिया, पूर्व जिलापंचायत सदस्य संजय साह आदि लोगो ने जनसंपर्क मे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का सहयोग किया।

# फिल्मी दुनिया

## संघर्ष और गरीबी में बीता रश्मिका का बचपन



*रश्मिका मंदाना की गिनती न सिर्फ साउथ बल्कि हिंदी सिनेमा के भी टॉप एक्ट्रेस में होती है। साउथ में एक के बाद कई सफल फिल्में देने के बाद रश्मिका बॉलीवुड के दर्शकों को अपना दीवाना बना रही है। बीते साल रश्मिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में नजर आई थी। फिल्म में रश्मिका रणबीर कपूर के अपोजिट नजर आई थी। लेकिन रश्मिका के लिए यह सफर इतना आसान नहीं था। चलिए आपको अभिनेत्री के फिल्मी सफर के बारे में बताते हैं। रश्मिका मंदाना का जन्म 5 अप्रैल 1996 को कर्नाटक के कुर्ग में हुआ था। रश्मिका के पिता का उनके शहर में ही एक छोटा बिजनेस था। एक समय ऐसा भी था जब रश्मिका की परिवार के पास उनके लिए खिलौने खरीदने के भी पैसे नहीं थे। घर का किराया देने के लिए भी काफी संघर्ष करना पड़ता था। रश्मिका का बचपन गरीबी और काफी संघर्ष में बीता था। एक साक्षात्कार में रश्मिका ने बताया था कि जब उन्होंने एक्टिंग में करियर बनाने का सोचा तो उनकी फैमली और पेरेंट्स का सपोर्ट नहीं मिला था। फिल्मों में अभिनय को वे मर्दों का क्षेत्र मानते थे। हालांकि, बाद में रश्मिका ने अपने माता-पिता को समझाया और फिर वे मान गए। आज रश्मिका के इस फैसले को लेकर उनके माता-पिता को बेटी पर खूब गर्व महसूस होता है।*

### फ्लम 'किरिक पार्टी' से शुरुआत

*रश्मिका ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। इसके बाद रश्मिका ने साल 2018 में चालो फिल्म के साथ अपना तेलुगु डेब्यू किया और उसी साल उन्होंने रोमकॉम फिल्म गीता गोविंदम में अभिनय किया। गीता गोविंदम तेलुगु सिनेमा में ब्लॉकबस्टर साबित हुई, जिससे रश्मिका को खूब लोकप्रियता मिली। साउथ सिनेमा में जबर्दस्त सफलता हासिल करने के बाद रश्मिका को बॉलीवुड में दर्शकों को प्यार मिला। उन्होंने फिल्म गुडबाय से हिंदी सिनेमा डेब्यू किया।*

# पूर्व छात्रों की स्वर्ण जयंति धूमधाम से मनाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शेरवुड कॉलेज में वर्ष 1974 बैच के पूर्व छात्रों की स्वर्ण जयंति धूमधाम से मनाई गई। विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई और विद्यालय सभागार में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने कहा कि यह गौरव की बात है कि इस विद्यालय का स्वर्णिम अतीत रहा है । जिसे बरकरार रखने की चुनौती वर्तमान विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तमाम चुनौतियों के बावजूद वह अपना दायित्व निभा रहे हैं। विशेष प्रार्थना सभा विधिवत आयोजित की गई और सभी पूर्व छात्रों को आशीषवचन दिया गया। सभी छात्रों ने प्रार्थनासभा में भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों को ताजा किया और विद्यालय में बीते दिनों की बातों को एक दूसरे से साझा किया। विद्यालय सभागार में आयोजित पैनल में वर्तमान शिक्षा व पूर्व शिक्षा पर विवेचना की गई । पूर्व छात्रों ने विद्यालय द्वारा सँवारे गए भविष्य के लिए विद्यालय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर 1974 बैच के पूर्व कॉलेज कैप्टन हिम्मत सिंह संधु, राकेश भसीन, विनोद अग्रवाल, नेपाल सेना के पूर्व सामान्य सेना प्रमुख ले जर्नल पवन बहादुर पांडे, मेजर जर्नल शौर्येश भट्ट, अतुल व पवन समेत अन्य पूर्व छात्र, वर्तमान छात्र व शिक्षक मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### दमकल कर्मी का ब्रेन हेमरेज से निधन, शोक की लहर



**रुद्रपुर।** अग्निशमन विभाग में कार्यरत दमकल कर्मी का ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में कोहराम मचा है। महकमे में भी शोक की लहर है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला ब्लाक अंतर्गत ग्राम खेत निवासी 38 वर्षीय महेश सिंह बांग्याल पुत्र राजेन्द्र सिंह बांग्याल को एक सप्ताह पूर्व अचानक ब्रेन हेमरेज हुआ। जिला अस्पताल से उन्हें हायर सेंटर को रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि किच्छा रोड स्थित निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक उनके हालत में सुधार नहीं हुआ। गुरुवार को दमकल कर्मी अस्पताल में अंतिम सांस ली। निधन की सूचना पर सीएफओ इशान कटारिया, एफएसओ गिरीश बिष्ट, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, एसएसआई केसी आर्या सहित कई विभागीय अधिकारी कर्मचारी अस्पताल पहुंचे उन्होंने निधन पर शोक व्यक्त किया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### निर्माणधीन मकान से सामान चोरी

**हल्द्वानी।** निर्माणाधीन मकान से चोरों ने सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस में दी है। बिन्दुखत्ता निवासी हीरा सिंह पुत्र खुशाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका जयदेवपुर गोकुल धाम में मकान बन रहा है। 4 अप्रैल को वह जब अपने मकान में काम देखने के लिए आया तो गेट में लगा ताला टूटा हुआ था कमरे में रखा पक्षी कैप ग्रिन वायर, पानी की मोटर आदि सामान गायब था।

# 14वीं सीनियर महिला एवं पुरुष ड्रॉप रोबाल चैंपियनशिप का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ड्रॉप रोबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 14वीं सीनियर महिला एवं पुरुष ड्रॉप रोबाल चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन 29 मार्च से 31 मार्च तक श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में कराया गया। इसमें उत्तराखंड के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों की टीमों के 34 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तराखंड की दोनों वर्गों की टीम प्रथम स्थान पर रही।

ड्रॉप रोबाल एसोसियेशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष एवम चेयरमैन मंडी समिति किच्छा कमलेंद्र



सेमवाल ने टीम के सभी खिलाडियों एवम प्रशिक्षकों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। संघ के सचिव राजेंद्र भाकुनी ने बताया कि उत्तराखंड की महिला एवं पुरुष टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया तथा उत्तराखंड की पुरुष एवं महिला वर्ग की टीम ने सीगल, डबल, ट्रिपल, मिक्स डबल एवम चैलेंजिंग इवेंट में प्रतिभाग किया। महिला वर्ग में सिंगल इवेंट में निशु रावत ने स्वर्ण पदक जबकि डबल इवेंट में भावना जोशी, प्रियांशी रावत,अंजलि रावत तथा तान्या ने स्वर्ण पदक, चैलेंजिंग इवेंट में वैशाली पाण्डेय, स्वेता भाकुनी, पायल दानू तथा कशिश शर्मा ने स्वर्ण पदक झटका जबकि मिक्स डबल इवेंट में अंकिता रमोला, श्रुति हालसी, राजा बाबू, सचिन पाण्डेय ने स्वर्ण पदक तथा सुपर इवेंट में रजत पदक हासिल किया तथा पुरुष वर्ग में सिंगल इवेंट में अजय ने स्वर्ण पदक तथा चैलेंजिंग इवेंट में योगेश पाण्डे, मयंक सुंदरियाल तथा सुमित मेहता व पवन सिंह बिष्ट ने स्वर्ण पदक हासिल किया। उत्तराखंड की ड्रॉप रोबाल महिला एवं पुरुष टीम ने कुल 18 स्वर्ण 12 रजत पदक अर्जित किए। उक्त टीम के मैनेजर सी. भट्ट एवम प्रशिक्षक पी. दुमका रही। कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने समस्त खिलाडियों एवम प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए बताया इस महिला एवं पुरुष ड्राप रो बाल चैंपियनशिप में कुमाऊं विश्वविद्यालय के 21 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने समस्त खिलाड़ियों एवम उनके प्रशिक्षकों और क्रीडा अधिकारी डॉ नागेंद्र प्रसाद शर्मा को बधाई प्रेषित की है। उपलब्धि पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, दुर्गेश डिमरी, वित्त नियंत्रक अनीता आर्य समेत डॉ.संजीव आर्य,मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र सिंह राणा,डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा समेत प्रो. ललित तिवारी, सुरेश चंद्र पांडेय, मुरकर्जी निर्माण,डॉण् डी.के. सिंह, प्रो. डी.डी.जोशी सहित अनेकों खेल संगठन बधाई दी है।

# पुलिस ने एक और गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र होली के दिन एक युवक पर की गई फायरिंग के मामले में नामजद आरोपियों पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक आजादनगर ट्रांजिट कैंप निवासी नितिन गंगवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि होली के दिन उस पर कई युवकों ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। उसके चोटें आई। हमलावरों पर तमंचे से फायरिंग करने का आरोप है।

इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि नामजद हमलावरों में तीन आरोपी पहले जेल भेज दिए। उन्होंने बताया कि एक और आरोपी सोनू जूडी गडडा कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा बरामद



किया। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। बता दें कि फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई थी।

**कार्रवाई**

- तमंचा बरामद, पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही, तीन पहले जेल भेजा जा चुके हैं
- होली के दिन एक युवक पर की थी फायरिंग

# भाजपा नेता गोपाल ने की अनर्गल और झूठे बयान कड़ी निंदा की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट के सांसद प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह रावत ने सांसद निधि न खर्च किए जाने के अनर्गल एवं झूठे बयान दिये जाने पर कड़ी निंदा जाहिर करते हुए कहा कि बिना जानकारी के कांग्रेस प्रत्याशी मिथ्या बयान बाजी कर रहे हैं।

रावत ने कहा कि अब तक संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च कर दी गई है। कहा कि नैनीताल और उधम सिंह नगर जिले के मुख्य विकास अधिकारियों को शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च के स्वीकृति पूर्व में ही दे दी गई थी।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार की बयान बाजी पूरी तरह झूठ का पुलिंदा है उन्होंने कहा कि श्री सांसद जी के स्तर पर पूर्ण सांसद निधि विकास कार्यों के लिए दी जा चुकी है। वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल रावत ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा जगह-जगह अनर्गलए झूठी एवं मिथ्या बयान बाजी कर के भ्रामकता फैलाई जा रही है जिसकी वह कड़ी निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि सांसद अजय भट्ट द्वारा संसदीय क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों के लिए शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि दोनों जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों को उनके द्वारा सांसद निधि के स्वीकृत पूर्व में ही दे दी गई हैं। और उन्होंने पुन: कहा कि संसदीय क्षेत्र की संपूर्ण सांसद निधि विकास कार्यों को स्वीकृत कर धनराशि आवंटित की जा चुकी है लेकिन कांग्रेस के प्रत्याशी के पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है लिहाजा इस प्रकार का झूठ प्रसारित कर रहे हैं लेकिन जनता कांग्रेस के इरादों को सब समझता है।

# चेक बाउंस मामले में महिला दोषमुक्त करार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय हल्द्वानी की अदालत ने चेक बाउंस मामले में अभियुक्ता को दोषमुक्त करार दे दिया है। इस संबंध में परिवादी कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया। महिला की ओर से मामले की पैरवी अधिवक्ता राजन मेहरा ने की।

रामपुर रोड हल्द्वानी निवास जगमोहन सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने हल्द्वानी न्यायालय में वाद दायर किया था कि मैसर्स खुशी मोबाइल एण्ड रिचार्ज कूपन सेंटर वार्ड 6 कालाढूंगी निवासी स्वाति पाण्डे उर्फ सविता पाण्डे पत्नी गोविन्द बल्लभ पाण्डे पर व्यावसायिक कार्य के लिए साढ़े तीन लाख रूपए उधार लिए थे और उधर की रकम को तन माह के भीतर अदा करने का भरोसा दिया था। जब समय पूरा हुआ तो उसने रकम वापस करने का तकाजा किया लेकिन स्वाति ने कुछ समय और मांगा।

इसके कुछ समय बाद स्वाति ने उसे 27 फरवरी 2018 को बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा कालाढूंगी के नाम से साढ़े तीन लाख रूपए का चेक दिया जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद जगमोहन रौतेला ने स्वाति को 18 मई 2018 को अपने अधिवक्ता के माध्यम से धनराशि वापस करने के लिए नोटिस भेजा जिसे तामील भी कर लिया गया लेकिन उक्त धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद जनमोहन सिंह ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

कोर्ट में स्वाति पाण्डे ने जागमोहन सिंह को पैसे देने की बात नकार दी थी। साथ ही उसे पहचानने से भी इंकार दिया। जगमोहन सिंह ने कोर्ट में साक्ष्य के रूप में मूल चेक, नोटिस और रजिस्ट्री की मूल डाक रसीद प्रस्तुत की। इसके बाद स्वाति के बयान हुए तो उसने वहीं बात कही जो वह पूर्व में कह चुकी थी। चेक बाउंस के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है और ना ही उसे कोई नोटिस मिला है। स्वाति ने अपने बचाव में कोई मौखिक या दस्तावेजी साक्ष प्रस्तुत नहीं किया।

परिवादी के वकील ने कहा कि नोटिस भेजने के बाद भी धनराशि का भुगतान नहीं किया गया जिस कारण से स्वाति पाण्डे दोषसिद्ध किए जाने योग्य है। वहीं स्वाति पाण्डे के अधिवक्ता ने मामले को युक्ति युक्त संदेह से परे साबित नहीं किया। उन्होंने स्वाति पाण्डे को दोषमुक्त किए जाने का अनुरोध किया। न्यायालय ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत किए तथ्यों व परिस्थितियों के विवेचन पर अभियुक्ता स्वाति पाण्ड को दोषमुक्त करार दे दिया।

### बिना लाइफ जैकेट पहने नाव चालकों के साथ पर्यटकों के किए चालान

**नैनीताल।** नैनीझील में नौकायन के दौरान पर्यटक व नाव चालक लगातार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। एक ओर लोग बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर रहे हैं तो वहीं कुछ पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के नाव में खड़े होकर मस्ती कर दुर्घटना को दावत दी रहे हैं। गुरवार को भी नैनीझील में लगभग चार नौकाओं को एक साथ चलाते हुए पर्यटक खड़े होकर बिना लाईफ के नजर आए। पालिका के ईओ राहुल आनंद ने बताया कि बिना लाईफ जैकेट नौकायन होने पर कारवाई होगी।

# स्वीप टीम ने तदान के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

गुरवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशन में स्वीप टीम ने एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय की एनसीसी के छात्र-छात्राओं के साथ मतदाता शपथ पत्र भरवाकर छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने और अपने आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु जाने के लिए प्रेरित किया गया।




इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, प्राचार्य डॉक्टर डीसी पंत ,प्रोफेसर आशा राणा, प्रोफेसर रविंद्र सैनी , प्रोफेसर हेमलता सैनी ,प्रोफेसर मनोज पांडे डॉ अंचलेश, डॉ विकार हसन खान इत्यादि उपस्थित रहे।

# अपनी पार्टी बचाने का कार्य करे राहुल, मोदी कर रहे संविधान संवर्धन का कार्य: अठावले

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने राहुल पर तंज करते हुए कहा, वे पहले अपनी पार्टी बचाने का काम करें, संविधान बचाने और उसे संवर्धन का काम मोदी कर रहे हैं । साथ ही कहा, भ्रष्टाचार पर मोदी जी के प्रहार से कांग्रेस पूरी तरह टूट गई है, लिहाजा इस बार एनडीए 400 पार और कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी । उन्होंने दलित समाज और अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जुटने का आह्वान किया।

प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अठावले ने रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष होने के नाते दलित समाज और अपने कार्यकर्ताओं से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा के कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने दलित समाज को याद दिलाया कि चुनाव हारने के बाद किस तरह यूपीए सरकार ने सरकारी आवास से उनके सामान को भगवान बुद्ध की मूर्ति और संविधान की कृतियों के साथ सड़क पर फेंका था। उन्होंने कहा जिस कांग्रेस ने मेरा सामान बाहर निकाला, उसे मैं सत्ता से बाहर निकले रखने का संकल्प लिए हुआ है। उन्होंने मुस्लिम समाज में फैलाई जा रहे भ्रम को लेकर स्पष्ट किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाएं सर्व धर्म, सर्व समाज सम्भाव के अनुशार संचालित की जा रही है लिहाजा अल्पसंख्यक समाज के लोगों को भ्रम में आने की कतई जरूरत नहीं है।

उन्होंने प्रदेश के दलित एवं पिछड़े वर्ग से भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का अनुरोध किया। धामी सरकार के कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मिशन का उत्तराखंड में वह बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। यूसीसी लागू करने को लेकर उन्होंने कहा, पिछड़ों की सुरक्षा एवं अल्पसंख्यक समाज में महिलाओं के अधिकारों के हित में यह बहुत बड़ा निर्णय है। इसी तरह त्रिवेंद्र रावत सरकार में सभी कार्यालय में भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का चित्र लगाने का शासनादेश करने वाला पहला प्रदेश होने का भी जिक्र कर प्रशंसा की।

